Maharana Pratap Govt. Degree College Amb
District Una HP-177203
www.mpgcamb.com | govtcollegeamb@gmail.com | mpgcamb@gmail.com | 01976-260032

# SAR 2023-24 Self Assessment Report

## Criterion 5 Best Practices, Innovation, and Institutional Distinctiveness

### Sub Criterion 5.2 Special Initiatives Taken

### vi. Adoption of Villages/ Educational Institutions

## Adoption of Village/Educational Institutions

August 25, 2023

In continuation of our efforts to promote community service and enhance the impact and effectiveness of the NSS unit, I direct the program officers of the National Service Scheme to adopt our college for the session of 2023-24 positively as a part of the adoption of Village/educational institute on the footsteps of slogan charity begins at home. Further, the volunteers of this unit are directed to keep this campus plastic-free.

Principal
M. P. Govt. College, Amb
Distt. Una (H.P.)

Maharana Pratap Govt. Degree College Amb
District Una HP-177203
www.mpgcamb.com | govtcollegeamb@gmail.com | mpgcamb@gmail.com | 01976-260032

# National Service Scheme

Dated:- 22nd September 2023

**A cleanliness drive** was organized by the NSS volunteers in campus of the college under the campaign **"Swachhta Hi Sewa"**. All the volunteers cleaned the entire campus of the college and delivered a message about the importance of the cleanliness in our lives. A total number of 90 volunteers took part in this drive actively.



## स्वयंसेवियों ने की कालेज परिसर की सफाई




छात्राओं ने स्वच्छता पर प्रस्तुत की लघु नाटिका

Programme Officer
N.S.S. (Unit)
Maharana Pratap Govt. P.G.
College Amb, Distt.Una (H.P.)

# Maharana Pratap Govt. Degree College Amb

District Una HP-177203

www.mpgcamb.com | govtcollegeamb@gmail.com | mpgcamb@gmail.com | 01976-260032



Maharana Pratap Govt. Degree College Amb


District Una HP-177203

www.mpgcamb.com | govtcollegeamb@gmail.com | mpgcamb@gmail.com | 01976-260032


## National Service Scheme

Dated - 27 November 2023

A Cleanliness Drive was organised in the campus of the college and 56 volunteers took part in this campaign. All the volunteers cleaned the whole campus and disposed the garbage and littering at a proper place. Through this drive, a message of cleanliness was delivered by the volunteers of NSS.



Programme Officer
N S S (Unit)
Maharana Pratap Govt. P.G.
College Amb, Distt.Una (H.P.)

Maharana Pratap Govt. Degree College Amb

District Una HP-177203

www.mpgcamb.com | govtcollegeamb@gmail.com | mpgcamb@gmail.com | 01976-260032


## National Service Scheme

**07 Days Special NSS Camp w.e.f. 24th December 2023 to 30th December 2023.**

**Report**

**Theme :-** शिक्षित युवा एवं आत्मनिर्भर भारत।

राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का आगाज माननीय प्राचार्य महोदय प्रो० दर्शन कुमार ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत कर के किया।

इस विशेष शिविर में 75 स्वयंसेवी हिस्सा ले रहे हैं।

मुख्यातिथि महोदय का स्वागत सभी स्वयंसेवियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ किया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो० सुख देव द्वारा मुख्यातिथि महोदय के समक्ष सात दिवसीय विशेष शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। मुख्यातिथि महोदय ने सभी स्वयंसेवियों को शुभकामनाएं अग्रेषित की तथा सभी स्वयंसेवियों को राष्ट्रीय सेवा योजना का महत्व बताते हुए आह्वान किया कि इस विशेष शिविर में अनुशासन का ध्यान रखते हुए सभी प्रकार की गतिविधियों में हिस्सा लेकर अपना बहुमुखी विकास करें। मुख्यातिथि द्वारा एक पौधा रोपित कर के इस शिविर का विधिवत आगाज़ किया गया।

कार्यक्रम अधिकारी डा कुमारी सुजाता द्वारा मुख्यातिथि महोदय का इस विशेष अवसर पर अपना बहुमूल्य समय प्रदान करने पर धन्यवाद किया गया। सभी स्वयंसेवियों ने मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह के साथ सम्मानित किया। इस मौके पर प्रिया सहित समस्त स्वयंसेवी उपस्थित रहे।








Programme Officer
N S S (Unit)
Maharana Pratap Govt. P.G.
College Amb, Distt.Una (H.P.)

राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा शिक्षित युवा आत्मनिर्भर भारत विषय पर आधारित सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेवियों ने सुबह के सत्र में महाविद्यालय परिसर में नालियों की साफ सफाई की तथा समस्त परिसर की सफाई कर स्वच्छता का संदेश प्रदान किया। दूसरे सत्र में नशा निवारण विषय पर आधारित एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय परिसर से झुग्गी झोपड़ी बस्ती तक नारों के साथ नशे के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक किया। स्वयंसेवियों द्वारा बस्ती में रह रहे बच्चों का एक सर्वे भी किया कि कितने बच्चे स्कूल जाते हैं और सरकारी स्कूल जाते हैं या प्राइवेट और आगे बढ़कर वे नौकरी करना चाहते हैं या नहीं। कार्यक्रम अधिकारियों ने सभी बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में जानकारी प्रदान की और सभी को उच्च शिक्षा ग्रहण करने का संदेश प्रदान किया।

इस विशेष अवसर पर प्राचार्य महोदय प्रो० दर्शन कुमार, कार्यक्रम अधिकारी प्रो० सुख देव व डॉ० कुमारी सुजाता और समस्त स्वयंसेवी उपस्थित रहे।





राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा शिक्षित युवा आत्मनिर्भर भारत विषय पर आधारित सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन स्वयंसेवियों ने सुबह के सत्र में महाविद्यालय परिसर में बनी क्यारियों को संवारा तथा समस्त परिसर की सफाई कर स्वच्छता का संदेश प्रदान किया।

दूसरे सत्र में स्थानीय खंड विकास अधिकारी श्री ओम पाल डोगरा ने मुख्यातिथि व विषय विचारक के रूप में शिरकत की। उन्होंने अपने विभाग से संबंधित कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में स्वयंसेवियों को जानकारी प्रदान की। खंड विकास अधिकारी के द्वारा सभी स्वयंसेवियों को एक ज़िम्मेदार व जागरूक नागरिक होने के लिए प्रेरित किया। सभी स्वयंसेवियों से आह्वान किया कि वे नैतिक मूल्यों को भी अपने जीवन में अपनाएं और मेहनत करके अपने जीवन को उज्ज्वल बनाएं। अपने माता पिता व बड़ों का सम्मान ज़रूर करें। दूसरे सत्र में स्वयंसेवियों को ई वी एम मशीन के माध्यम से वोट डालने की प्रक्रिया के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी।

इस विशेष अवसर पर प्राचार्य महोदय प्रो० दर्शन कुमार, प्रो राजेश कुमार, कार्यक्रम अधिकारी प्रो० सुख देव व डॉ० कुमारी सुजाता, प्रो अमित शर्मा और समस्त स्वयंसेवी उपस्थित रहे।

Programme Officer
N.S.S. (Unit)
Maharana Pratap Govt. P.G.
College Amb, Distt. Una (H.P.)




राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा शिक्षित युवा आत्मनिर्भर भारत विषय पर आधारित सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन स्वयंसेवियों ने सुबह के सत्र में महाविद्यालय परिसर से बाज़ार होते हुए रामलीला मैदान तक स्वच्छता पर आधारित एक जागरूकता रैली कार्यक्रम अधिकारी प्रो० सुख देव व डॉ० कुमारी सुजाता की अगुवाई में नारों की गूंज के साथ निकाली। इस रैली को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो दर्शन कुमार ने स्वच्छता को अपनाने का संदेश देकर रवाना किया। सभी स्वयंसेवियों ने खेल मैदान की सफाई इधर उधर पड़े कचरे को एक जगह निष्पादित कर की व समस्त जनता को स्वच्छता का संदेश प्रदान किया।

दूसरे सत्र में जिला ऊना के वनाधिकार श्री सुशील राणा ने मुख्य विषय विचारक के तौर पर शिरकत की। श्री सुशील राणा ने सभी स्वयंसेवियों से आह्वान किया कि वे वन सम्पदा की अहमियत को समझें व इसे संरक्षित करने में एक जिम्मेदार नागरिक के तौर पर अपनी भूमिका निभाएं। पक्षियों के संरक्षण व पहचान पर भी जिला वनाधिकारी के द्वारा जोर डाला गया। दूसरे सत्र में उपस्थित मुख्य विषय विचारक श्री सुशील राणा का सभी स्वयंसेवियों ने आभार व्यक्त किया और स्मृति चिन्ह के साथ सम्मानित किया।

इस विशेष अवसर पर प्राचार्य महोदय प्रो० दर्शन कुमार, प्रो रेखा शर्मा, डा पवन पटियाल और समस्त स्वयंसेवी उपस्थित रहे।




Programme Officer
N.S.S. (Unit)
Maharana Pratap Govt. P.G.
College Amb, Distt.Una (H.P.)

Maharana Pratap Govt. Degree College Amb


District Una HP-177203

www.mpgcamb.com | govtcollegeamb@gmail.com | mpgcamb@gmail.com | 01976-260032


## National Service Scheme

Dated: - 8th March 2024

National Service Scheme Unit of this College organized a One Day Cleanliness Camp in the campus of the college. All the volunteers took part in this camp actively and cleaned the entire campus of the college and delivered a message of **Cleanliness** among the students & public.



Programme Officer
N.S.S. (Unit)
Maharana Pratap Govt. P.G.
College Amb. Distt. Una (H.P.)